डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5462 दिनॉकः 08 मार्च, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त अभियन्त्रण एवं व्यवसायिक संस्थान,

विषयः सत्र 2021–22 के विषम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की द्वितीय चरण की परीक्षाओं के परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है की सत्र 2021–22 विषम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर के द्वितीय चरण की समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर तथा बी0टेक0 / बी0 फार्म0 के तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनॉक 22 मार्च, 2022 से दिनांक 06 अप्रैल, 2022 के मध्य आयोजित करायी जानी है। उक्त परीक्षाओं में प्रतिभाग कर रहे जिन छात्रों का परीक्षा शुल्क अभी तक जमा नहीं किया जा सका है उनको सूचित किया जाता है कि दिनांक 10 मार्च, 2022 तक परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पोर्टल खोला जा रहा है। साथ ही यह भी अवगत हों कि उन सभी छात्रों को इस शर्त के साथ प्रैक्टिकल परीक्षा में प्रतिभाग करने दिया जायेगा कि वे अपने परीक्षा शुल्क विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 10 मार्च, 2022 तक अवश्य जमा करा दें।

अतः कृपया उक्त से अवगत होते हुए संस्थान में अध्ययनरत संबंधित छात्र / छात्राओं को सूचित कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
Anurag Tripathi 08/03/22
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनॉकः उपरोक्त।
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
5. मीडिया प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. प्रभारी, स्टूडेन्ट सेल, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक